कार्यालय प्राचार्य,

डी. पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त, ISO-9001:2015 प्रमाणित

(स्वशासी महाविद्यालय)

फोन नं.– 07752424497, वेब.– *www.dpvipracollege.ac.in*, ईमेल– *dpvipracollege@gmail.com*

क्र./ 298 /स्थापना/निविदा/2024 बिलासपुर, दिनांक 24.07.2024

// निविदा आमंत्रण सूचना, पात्रता, मानदंड, नियम एवं शर्तें //

डी. पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) के महिला छात्रावास (बिरकोना) को संचालन हेतु किराये पर दिया जाना है, इच्छुक फर्म से सीलबंद निविदा आमंत्रित किया गया है। उक्त निविदा प्रस्तुत करने हेतु निम्न पात्रता, मानदंड, नियम एवं शर्तों के तारतम्य में अपने फर्म का निविदा दैनिक समाचार पत्रिका में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर/अंतिम दिवस के दोपहर 03:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक/महाविद्यालयीन कार्यालय में मुहर बंद निविदाएं प्रस्तुत कर सकते है।

पात्रता, मानदंड एवं शर्तें :–

01. निविदा के मुख्य लिफाफे के ऊपर निविदाकर्ता/फर्म का नाम, पता, मोबाईल नं. तथा प्रयोजन स्पष्टतः अंकित करें।
02. निविदा पत्रक निर्धारित समयावधि के भीतर महाविद्यालय कार्यालय के पते "प्राचार्य, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, पुराना हाईकोर्ट रोड़, बिलासपुर (छ.ग.)" में प्रस्तुत की जानी चाहिए। जिसमें छात्रावास संचालन के लिए किराये की दर उल्लेखित करें।
03. विद्युत देयक का भुगतान प्रतिमाह पृथक रूप से फर्म को करना होगा, जिसका छात्रावास में मीटर अलग से स्थापित है।
04. इच्छुक फर्म उक्त छात्रावास का निरीक्षण बिरकोना, बिलासपुर में स्वयं उपस्थित होकर कर सकते है।
05. निविदा दर अनुसूची में अधिक दर अंकित करने वाले फर्म को प्राथमिकता दी जायेगी, उक्त फर्म को 11 माह का अनुबंध के साथ छात्रावास संचालन हेतु दिया जावेगा, जिसे प्रतिवर्ष नवीनीकरण करना होगा तथा उन्हे सुरक्षा निधि के रूप में राशि 25,000.00 (पच्चीस हजार) रूपये अनुबंध के साथ एफ.डी.आर. के माध्यम से प्राचार्य डी. पी. विप्र महाविद्यालय के नाम जमा करना होगा, जिसे छात्रावास छोड़ने पर यथा नियम वापस की जायेगी।
06. महाविद्यालय द्वारा गठित महिला छात्रावास समिति द्वारा रखरखाव, अन्य आश्यकताओं तथा स्वच्छता एवं भौतिक सामग्री की जॉच समय–समय पर किया जायेगा, जिसके लिए आपसी सहयोग अपेक्षित होगा।
07. निविदाकर्ता अपना आधार कार्ड तथा पेन कार्ड (रंगीन में) की छायाप्रति, नवीनतम पासपोर्ट फोटो (03 नग), मुल निवास प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो तो) की

छायाप्रति, निविदा निमयावली की छायाप्रति जिसमें नीचे उल्लेखित जानकारी को स्पष्ट भरकर हस्ताक्षर युक्त, निविदा अनुसूची सहित अनिवार्यतः संलग्न करें।

08. कार्यालय मे प्रस्तुत की गई निविदाओं को दैनिक समाचार पत्रिका में प्रकाशन की तिथि से 15 वॉ दिवस के सायं 04:00 बजे खोजा जावेगा, जिसका सूचना निविदाकर्ता को लिफाफे में अंकित दूरभाष नं. पर दिया जावेगा, जिसमें आप उपस्थित हो सकते है।

09. नियम एवं शर्तों से विहिन निविदा स्वीकृत योग्य नहीं होगी।

10. अन्य विस्तृत जानकारी के लिए महाविद्यालय का दूरभाष नं 07752–424497, 08602041180, 9827493113, 08462055121 या कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

11. निविदा तथा छात्रावास संबंधी समस्त अधिकार प्राचार्य, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर के पास सुरक्षित है, तथा किसी भी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार होगा।

महिला छात्रावास संचालन हेतु नियम :–

01. छात्रावास में शराब, ड्रग्स, धुम्रपान, तम्बाकू तथा अन्य नशीले पदार्थों का सेवन एवं भंडारण पूर्णतः प्रतिबंध होगा।

02. छात्रावास जिस स्थिति में प्रदान किया जायेगा, छात्रावास छोड़ते समय उसी स्थिति में मान्य होगा।

03. छात्रावास में हिंसा/मारपीट अथवा छात्रावास की सामग्री को क्षति/हानि पहुंचाने पर हानि की भरपाई करनी होगी।

04. छात्रावास को जाति या धर्मगत कुरीतियॉ/संस्था के उद्देश्य के विरूद्ध अपमानजनक कृत्य/असामाजिक कृत्य/राजनीतिक गतिविधियों/अनावश्यक आयोजन के लिए उपयोग नहीं किया जायेगा।

05. रैगिंग संबंधी नियम–कानून कड़ाई से पालन कराना अनिवार्य होगा।

06. छात्रावास में अधीक्षिका का नियुक्ति करना होगा, जिसका जानकारी महाविद्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

➢ निविदा की उपरोक्त दर्शित समस्त नियम एवं शर्ते मुझे पूर्णतः स्वीकार है, तथा इसके विपरीत कार्य करते पाये जाने की स्थिति में संशित कार्यवाही के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

प्राचार्य
डी. पी. विप्र महाविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

प्राचार्य
डी.पी. विप्र महाविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

(फर्म/ठेकेदार के हस्ताक्षर)
नाम ....
पूर्ण पता ....
मोबाईल नं. ....

सील यदि हो तो –